# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, सहरसा अन्तर्गत महिषी बार्डर से टूठा तक पथ निर्माण के क्रम में WBM Gr-III कार्य कराये बिना 2nd on A/C Bill में WBM Gr-III के विरूद्ध 12.01.2019 का भुगतान प्राप्त करने संबंधी आरोपो पर विभागीय पत्रांक 02/अ0प्र0–01–24/2022–621 अनु0 दिनांक 21.02.2024 द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई हेतु प्राप्त अनुशंसा के साथ संलग्न अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन कोषांग से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पत्रांक 4475 अनु0 दिनांक 07.08.2024, पत्रांक 5739 दिनांक 25.09.2024 एवं पत्रांक 8271 दिनांक 16.12.2024 के अनुवर्ती स्मार पत्रों द्वारा संवेदक Rajbeer Yadav, At-Baghour Bareta, Post-Maina Gram, Ward No.-03, Ps-Mahishi, District-Saharsa (Bihar) से कारण पृच्छा की गयी।

निगरानी प्रशाखा द्वारा उपलब्ध कराये गये जॉच प्रतिवेदन में अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन कोषांग, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा यह उल्लेख किया है कि वर्ष 2019 में WBM Gr-III का कार्य कराये बिना ही 36.98 लाख रूपये का अवैद्य भुगतान संवेदक को किया गया है जबकि उक्त कार्य अप्रैल/मई, 2022 में कराया गया है।

विदित हैं कि उक्त पथ अन्तर्गत WBM Gr-III का कार्य कराये बिना 37.00 लाख भुगतान करने संबंधी परिवाद दिनांक 08.03.2022 की जॉच हेतु अप्रैल, 2022 में PQM को निदेशित किया गया है।

MIS पर uploaded कार्य प्रगति के अनुसार 15 अप्रैल 2020 तक उक्त पथ में मात्र GSB का कार्य ही दर्शाया गया है।

उपर्युक्त घटनाक्रम से स्पष्ट है कि WBM Gr-III का कार्य कराये बिना भुगतान संबंधी परिवाद दायर होने के उपरान्त अप्रैल/मई, 2022 में WBM Gr-III का कार्य कराया गया है। उक्त आरोपो के आलोक में संवेदक राजवीर यादव से निबंधित डाक से की गयी कारण पृच्छा का जवाब अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो कि पूरी तरह से स्वेच्छाचारिता है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में राजवीर यादव (निबंधन संख्या- 2210564 Class-II) के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपो को प्रमाणित पाते हुए बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 का नियम–11 (क) (vi) में विहित प्रावधान के आलोक में राजवीर यादव (निबंधन संख्या- 2210564 Class-II) को 03 वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

प्रतिलिपि– संवेदक Rajbeer Yadav, At-Baghour Bareta, Post-Maina Gram, Ward No.-03, Ps-Mahishi, District-Saharsa (Bihar) Pincode 852216 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

96

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव (निगरानी शाखा), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को उनके पत्रांक 621 अनु0 दिनांक 21.04.2024 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2024 3601 /पटना, दिनांक– 1.4.25

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/ प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/ आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख